शिव को मना लें | By R. K. Sody

शिव को मना ले जयकारा लगा ले
मुंह से निकले यही हर दम
भक्तो बोल बम बम
भक्तो बोल बम बम

भोलेनाथ है भोले भाले
मस्तक चंदा साजे
बम भोले की गूँज मात्र से
सब संकट हैं भागे
बम बम बम बम गाते जाओ
चाहे निकल जाये ही दम
भक्तो बोल बम बम
भक्तो बोल बम बम

दूध गंगा जल शिव पे चढ़ा तू
भोले को मना ले
शिव शंकर को मना ले
जीवन पल में बदल देंगे ये
तू भी फायदा उठा ले
शिव जैसा ना देव दूसरा
पल में मिटाये गम
भक्तो बोल बम बम
भक्तो बोल बम बम

नमः शिवाय मन्त्र निराला
भोले को है भाता
जनम जनम के बंधन कटते
जो इसको है ध्याता
शिव शंकर को है ध्याता
सोढ़ी की अरदास सुनो अब
कर दो नज़रे करम
भक्तो बोल बम बम
भक्तो बोल बम बम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a4%bf%e0%a4%b5-%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%ae%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b2%e0%a5%87%e0%a4%82-by-r-k-sody/